7BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI

CLASS V ASSIGNMENT -7

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे के प्रश्नों के सही विकल्प चुने-

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरपफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

1. तीन मित्र कौन-कौन थे?

(क) दो हंस एक कछुआ (ख) दो कछुआ एक हंस। (ग) तीन हंस दो कछुआ

2. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?

(क) हंसों को (ख) कछुए को (ग) लोगों को

3. तालाब सूख गया, क्योंकि:

(क) बहुत गरमी थी (ख) बहुत सरदी थी (ग) बहुत वर्षा थी

4. हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर:

(क) तुम बातूनी होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

(ख) तुम चालाक होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

(ग) तुम मूर्ख होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

5. अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है:

(क) अपना नुकसान स्वयं करना (ख) अपना कार्य स्वयं करना (ग) स्वयं कुल्हाड़ी मारना

II बहुविकल्पीय प्रश्न उत्तर

1. ऐसे शब्द जिनका उच्चारण लगभग समान हो किंतु अर्थ अलग-अलग हो उसे क्या कहते हैं?

क) समानार्थक शब्द ख)भिन्नार्थक शब्द ग)अनेकार्थक शब्द

2. राजा का पर्यायवाची नहीं है-

क) नृप ख) नरेश ग) मनुज

3. अनन्य पेंसिल से लिख रही है। इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

क)कर्ता ख) करण ग) अपादान

4. चार लीटर दूध ले आओ। वाक्य में विशेषण का भेद है-

क)संख्यावाचक ख)गुणवाचक ग) परिमाणवाचक

5. जिस शब्द की विशेषता बताई गई हो उसे......... कहते हैं?

विशेषण विशेष्य सर्वनाम

III निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें

1. क्रिया के काल का भेद लिखें-

क. वे सब ही खाएँगे।

ख. उसे समय हाथियों का यहाँ ठिकाना था।

2. विलोम शब्द लिखें- मुश्किल ,भीतर, जालना

3. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें- हाथ , तिमिर

IV निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें -

असम के एक अनजान प्रदेश में पहाड़ की तलहटी में आदिवासियों का एक छोटा- सा गाँव है। गाँव का नाम है- हतिया। गाँव में शीत ऋतु की विदाई पर एक उत्सव मनाया जाता है। यह एक अलग प्रकार का विचित्र उत्सव है। पहाड़ के नीचे रंगीन किस्म के पत्थर से बनी एक खाई है। इस खाई के निकट लकड़ी का सुंदर मंदिर है। मंदिर में कोई मूर्ति नहीं है बल्कि दीवार और छतों पर खुदाई करके बनी छोटी-छोटी मूर्तियाँ उपस्थित हैं। हथिनी माँ के निकट बच्चा हाथी। माँ की गोद में छोटा बच्चा।

प्र०1- पहाड़ के नीचे क्या था?

प्र०2- हतिया गाँव मैं कौन से लोग रहते थे ?

प्र०3- समानार्थक शब्द लिखो- हाज़िर, अनोखा

प्र०4- गद्यांश में से पदेन 'र ' वाले कोई दो शब्द छाँटकर लिखिए-

प्र०5- वर्ण विच्छेद करें- उत्सव, मूर्ति